आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 12.02.2025

मुख्य समाचारः—

1— केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि केंद्रीय बजट में बारह लाख रूपये तक की आमदनी को आयकर से मुक्त करने की घोशणा से छत्तीसगढ़ के भी लाखों लोग लाभान्वित होंगे।

2— नगरीय निकाय चुनाव में कल औसत रूप से बहत्तर प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया।

3— माघ पूर्णिमा के अवसर पर आज से राजिम में कुंभ कल्प मेला और शिवरीनारायण में मेले की शुरूआत हुई।

4— उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेल में आज शूटिंग स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के परमपाल ने रजत पदक हासिल किया।

प्रहलाद जोशी—रायपुर

केंद्रीय खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने आज रायपुर में बुद्धिजीवी सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को बीते एक फरवरी को पेश केंद्रीय बजट की विशेषताओं के बारे में बताया।

इससे पहले, रायपुर में एक पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बजट में बारह लाख रूपये तक की आमदनी को कर मुक्त करने से छत्तीसगढ़ के भी लाखों लोगों को फायदा पहुंचेगा।

श्री जोशी ने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए केंदीय बजट में दो करोड़ रूपये का टर्मलोन देने के साथ कौशल विकास योजना से प्रदेश के दस लाख युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सौ प्रतिशत विद्युतीकरण का काम पूरा हो चुका है और वर्तमान में छत्तीसगढ़ में रेलवे की कई परियोजना चल रही हैं।

नगरीय निकाय चुनाव—मतदान प्रतिशत

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के तहत कल हुए मतदान में बहत्तर प्रतिशत से अधिक लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार औसत रूप से बहत्तर दशमलव चार—आठ प्रतिशत मतदान हुआ है। सबसे अधिक चौरासी दशमलव नौ—सात प्रतिशत मतदान कोरिया जिले में दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम इंक्यावन दशमलव तीन—सात प्रतिशत मतदान बिलासपुर जिले में हुआ है। रायपुर में इंक्यावन प्रतिशत से कुछ अधिक मतदान दर्ज किया गया।

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए लोगों का आभार जताया है। आयोग के अनुसार कल मतदान के दौरान कहीं भी किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित होने की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की एक सौ साठ शिकायतें प्राप्त हुई थीं, जिन पर कार्रवाई की गई। कल मतदान के दौरान विभिन्न जिलों के पोलिंग बूथों में तेईस ईव्हीएम के खराब होने के बाद उन्हें बदला गया।

नगरीय निकाय चुनाव में उनासी महापौर प्रत्याशी सहित दस हजार एक सौ दस प्रत्याशियों का भाग्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन—ईव्हीएम में कैद हो गया है। इस चुनाव में छह सौ चार प्रत्याशी अध्यक्ष पद के लिए और नौ हजार चार सौ सत्ताईस प्रत्याशी पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा तीन वार्डों में हुए उपचुनाव में छह प्रत्याशियों का भाग्य

भी ईव्हीएम में कैद हो गया। मतगणना पंद्रह फरवरी को होगी और इसी दिन परिणाम जारी किए जाएंगे।

वर्ष दो हजार उन्नीस में हुए पिछले नगरीय निकाय चुनाव के मुकाबले इस बार पांच दशमलव दो प्रतिशत मतदान अधिक हुआ है। पिछले चुनाव में सड़सठ दशमलव तीन–पांच प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।

राजिम कुंभ कल्प मेला

माघ पूर्णिमा के अवसर पर आज से महानदी, पैरी और सोंढूर नदी के त्रिवेणी संगम में राजिम कुंभ कल्प मेले का आयोजन किया जा रहा है। आज सुबह त्रिवेणी संगम में हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। राज्यपाल रमेन डेका आज शाम राजिम कुंभ कल्प मेले का शुभारंभ करेंगे। उद्घाटन कार्यक्रम में पार्श्व गायिका मैथिली ठाकुर विशेष प्रस्तुति देंगी। इस बार देशभर से संत–महापुरुष राजिम कुंभ कल्प में उपस्थित होंगे। राजिम कुंभ कल्प मेला महाशिवरात्रि छब्बीस फरवरी तक चलेगा।

मेले के शांतिपूर्ण आयोजन और इस दौरान धार्मिक माहौल को बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने मेला क्षेत्र और राजिम के आसपास के जिलों की छह शराब दुकानों को पंद्रह दिनों के लिए बंद रखने का आदेश जारी किया है।

वहीं, जांजगीर–चांपा में भी आज से शिवरीनारायण मेले की शुरुआत हो गई है। आज सुबह श्रद्धालुओं ने महानदी के त्रिवेणी संगम में स्नान कर भगवान नर नारायण के दर्शन किए।

इधर, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले के गंडई स्थित मां नर्मदा मंदिर में चार दिवसीय नर्मदा महोत्सव की शुरुआत हो गई है। यहां माघी पूर्णिमा के अवसर पर हर साल मेला लगता है।

राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेल में आज शूटिंग स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के परमपाल ने रजत पदक हासिल किया है। छत्तीसगढ़ दल के उप प्रमुख प्रशांत सिंह रघुवंशी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि अड़तीसवें राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ ने अब तक पांच स्वर्ण, तीन रजत और नौ कांस्य सहित कुल सत्रह पदक हासिल किए हैं।

इससे पहले, कल छत्तीसगढ़ महिला मलखंब टीम ने कांस्य पदक जीता था। इस टीम में नारायणपुर जिले की संताय पोटाई, मोनिका पोटाई दुर्गेश्वरी कुमेटी, अनिता गोटा, सरिता पोयम और जांजगीर–चांपा जिले से शिक्षा दिनकर शामिल हैं।

विश्व रेडियो दिवस

कल विश्व रेडियो दिवस है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष दो हजार बारह में तेरह फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाने का निर्णय लिया था। इस वर्ष विश्व रेडियो दिवस की थीम है – रेडियो और जलवायु परिवर्तन।

विश्व रेडियो दिवस की पूर्व संध्या पर आज आकाशवाणी की तरफ से दिल्ली स्थित पंडित रविशंकर स्टूडियो में 'राग रेडियो रंग रेडियो' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पैनल चर्चाएं आयोजित की गईं। इसमें मंच तथा सिने कलाकार योगेन्द्र टिक्कू, शास्त्रीय संगीत गायिका सीता वसंता लक्ष्मी और रेडियो संवाद लेखक डॉक्टर सुभाष चन्द्रा, रेडियो जॉकी ऋतु रॉय और आकाशवाणी के पूर्व अपर महानिदेशक योगेन्द्र पाल शामिल हुए। सतत् विकास के लिए डिजिटल रेडियो विषय पर भी चर्चा हुई। आकाशवाणी की महानिदेशक डॉक्टर प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि अतिथियों ने रेडियो की धरोहर को अपनी कलाओं के माध्यम से आगे बढ़ाया है।

विश्व रेडियो दिवस पर कल भी देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रायपुर के वृंदावन हॉल में ओल्ड लिसनर्स ग्रुप द्वारा कल सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकाशवाणी रायपुर केन्द्र के कार्यक्रम प्रमुख पंकज मेश्राम होंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आकाशवाणी के पूर्व कार्यक्रम प्रमुख लखनलाल भौर्य भी उपस्थित रहेंगे।

श्रोताओं, विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का प्रसारण कल तेरह फरवरी को सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ में स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र एक साथ रिले करेंगे।

<u>विंटर स्कूल प्रशिक्षण–समापन</u>

रायपुर के राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान–आईसीएआर में इक्कीस दिवसीय विंटर स्कूल प्रशिक्षण का समापन हो गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी, आईसीएआर के सहायक प्रोफेसर और वैज्ञानिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य नैनो–प्रौद्योगिकी पर ज्ञान को बढ़ाना था। इसमें पौध संरक्षण और संधारणीय प्रथाओं पर विशेष ध्यान दिया गया।

समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के पूर्व सदस्य और आईसीएआर के सहायक महानिदेशक डॉक्टर पी.के. चक्रवर्ती शामिल हुए। उन्होंने फसलों की पैदावार में सुधार और रोग के प्रकोप को कम करने में प्रौद्योगिकियों की भूमिका के साथ ही कृषि निर्यात को बढ़ाने और जैव सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया।

<u>एजाज ढेबर–पूछताछ</u>

शराब घोटाले के मामले में आज पूर्व महापौर एजाज ढेबर से आर्थिक अपराध अन्वेष्ण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने पूछताछ की। मिली जानकारी के अनुसार एजाज ढेबर के बड़े भाई अख्तर ढेबर और कुछ रिश्तेदारों को भी इस मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। इस मामले में अनवर ढेबर पहले से ही जेल में बंद है।

<u>मौसम</u>

मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो दिनों में उत्तर से आने वाली ठंडी हवाओं के असर से न्यूनतम तापमान में करीब तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम होने से एक बार फिर प्रदेश के कुछ स्थानों पर ठंड का अहसास होगा।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद अरुणपति त्रिपाठी को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। हालांकि, दूसरे मामलों के कारण वे अभी जेल में ही रहेंगे।

– कांकेर जिले के पखांजूर थाना क्षेत्र के माटोली चौक में तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार पिता–पुत्री को टक्कर मार दी। इस हादसे में पुत्री की मौत हो गई। वहीं, पिता को गंभीर चोटें आई हैं।

– भिलाई के सुपेला में आज सुबह स्कूल वैन की चपेट में आने से दो साल की एक बच्ची की मौत हो गई।

– राजधानी रायपुर के वीआईपी रोड स्थित बेबीलॉन टॉवर की सातवीं मंजिल से कूदकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली है।